श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/एलबीएस/शै०/2024-25/ 459

दिनांक: 25/03/2025

## कार्यालयीय सूचना

**विषय:- शैक्षणिक सत्र २०२४-२५ हेतु छात्र परिषद् गठित करने के सम्बन्ध में।**

कार्यालयीय सूचना सं0:एफ-3/64/एलबीएस/शै0/2024-25/375, दिनांक: 05/03/2025 के निरन्तरता एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय गठन के बिन्दु संख्या 38 की अनुपालन में, शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु छात्र परिषद् गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की जानी है। जिसकी संमग्र प्रक्रिया अधोलिखित विवरणानुसार सम्पन्न होगी:-

| पीठ/पाठ्यक्रम | स्तर हेतु निर्धारित स्थान | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| वेद-वेदांग पीठ | स्नातक-2, स्नातकोत्तर-1 | 28.03.2025 | 11: 00 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |
| साहित्य एवं संस्कृति पीठ | स्नातक-2, स्नातकोत्तर-1 | 28.03.2025 | 11: 30 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |
| दर्शन पीठ | स्नातक-2, स्नातकोत्तर-1 | 28.03.2025 | 12: 00 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |
| आधुनिकविद्या पीठ | स्नातक-2, स्नातकोत्तर-1 | 28.03.2025 | 12: 30 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |
| पुराणविद्या पीठ | स्नातक-2, स्नातकोत्तर-1 | 28.03.2025 | 01: 00 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |
| विद्यावारिधि (समस्त विषयों के सभी छात्र) | विद्यावारिधि-2 | 28.03.2025 | 01: 30 | स्वर्ण जयन्ती सभागार |

**नोट:- एक विभाग से अधिकतम एक शिक्षार्थी का ही निर्वाचन किया जा सकेगा।**

1. उक्त निर्वाचन प्रक्रिया में परिषद् सदस्य निर्वाचित होने के इच्छुक शिक्षार्थी विभागाध्यक्ष एवं पीठाध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित अपना पूर्ण आवेदन पत्र 27.03.2025 को सायं 04.00 बजे तक छात्र कल्याण पीठाध्यक्ष को प्रस्तुत कर सकेंगे। पूर्व में जिन आवेदनकर्ताओं ने आवेदन प्रस्तुत किये हैं उन्हें भी पुन: आवेदन करने की आवश्यकता है।
2. निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान हेतु सम्बन्धित पीठ के पंजीकृत शिक्षार्थी अपने इस सत्र के वैध परिचय पत्र सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहेंगे।
3. स्नातक स्तर के प्रतिनिधि चयन हेतु स्नातक स्तर के छात्र छात्राऐं, स्नातकोत्तर स्तर के प्रतिनिधि चयन हेतु स्नातकोत्तर स्तर के छात्र छात्राऐं तथा विद्यावारिधि स्तर के प्रतिनिधि चयन हेतु विद्यावारिधि स्तर के शोधार्थी मतदान कर सकेंगे।
4. विगत सत्रार्ध परीक्षा/प्राक्शोध परीक्षा में अनुत्तीर्ण शिक्षार्थियों के आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

5. उक्त निर्वाचन प्रक्रिया कुलानुशासक, सम्बन्धित पीठ के पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण मण्डल एवं शैक्षणिक अनुभाग द्वारा सम्पन्न करवा कर परिणाम 28.03.2025 को सायं 04.00 बजे तक छात्र कल्याण पीठाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जायेगा।

6. सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई अभ्यर्थना होने पर छात्र कल्याण पीठाध्यक्ष को लिखित रूप में प्रस्तुत की जा सकेगी।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित।

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. पीठ प्रमुख, छात्रकल्याण
3. कुलानुशासक
4. समस्त छात्र कल्याण मण्डल सदस्य
5. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव
6. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना एवं आवेदन पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
7. कार्यालय ओदश पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

For H.G.-Ph.
Sh. Sachin
21/03/25